दिनांक : 11.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज अशोकनगर जिले में ईसागढ़ के आनंदपुर धाम का करेंगे दौरा।
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इंदौर-पीथमपुर में 2 हजार करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की दी सौगात।
- भोपाल में 13 अप्रैल को राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन का आयोजन, गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह होंगे शामिल।
- विक्रमोत्सव-2025 के तहत दिल्ली में होंगे कल से आयोजन। आज निकलेगी सम्राट विक्रमादित्य की शोभा यात्रा।

प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। श्री मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे।

वीसी-संजीव शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप आज आनंदपुर धाम आ रहे हैं। आनंदपुर धाम की स्थापना आध्यात्मिक और परोपकारी उद्देश्यों के लिए की गई है। 315 हेक्टेयर में फैले इस धाम में 500 से अधिक गायों के साथ एक आधुनिक गौशाला है। श्री आनंदपुर ट्रस्ट परिसर के अंतर्गत कृषि गतिविधियां भी संचालित की जाती हैं। यह ट्रस्ट सुखपुर गांव में चैरिटेबल अस्पताल, सुखपुर और आनंदपुर में स्कूल और देश भर में विभिन्न सत्संग केंद्रों का संचालन भी कर रहा है। स्कूलों में 12 सौ से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री के प्रदेश आगमन को प्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया है।

गडकरी-घोषणा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कल इंदौर मे 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और भूमि पूजन किया। श्री गडकरी ने मल्टी-मॉडल इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स हब तक पहुंचने वाली विशेष रेलवे लाइन का भूमि पूजन किया। यह लॉजिस्टिक्स हब 1,100 करोड़ रुपए की लागत से इंदौर एयरपोर्ट के पास विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने इंदौर को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली इंदौर-गरोठ मार्ग का लोकार्पण किया। इसके साथ ही इंदौर से गुजरात की ओर जाने वाले मार्ग पर मछलियाघाट सहित कुल 6 फ्लायओवर और अंडरपास की परियोजनाओं का भूमि पूजन किया गया। इंदौर के आसपास के औद्योगिक और ग्रामीण क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पीथमपुर, घाटा बिल्लौद, बेटमा और इंदौर-देवास मार्ग पर स्थित रसलपुर जंक्शन पर भी नए फ्लायओवर बनाए जाएंगे। इन सभी स्थलों पर मंत्री श्री गडकरी ने भूमि पूजन किया।

तहव्वुर राणा-न्यायिक हिरासत

26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को एन.आई.ए. की विशेष अदालत ने 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले कल रात नई दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष अदालत में तहव्वुर राणा को पेश कर एन.आई.ए. ने उसकी हिरासत मांगी। तहव्वुर राणा को अमरीका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था।

वेव हैकथॉन- विजेता

वेव एक्सटेंडेड रियल्टी क्रिएटर हैकथॉन विजेताओं की घोषणा की गई है। कुल पांच टीमों को विजेता घोषित किया गया। विजेताओं में विभिन्न शहरों और संस्थानों के छात्र, पेशेवर और उद्यमी शामिल हैं।

यह हैकथॉन क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन-एक का हिस्सा है, जिसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा वेवलैप्स के सहयोग से विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स2025 के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। इस मनोरंजन सम्मेलन का आयोजन 1 से 4 मई तक मुंबई में किया जाएगा।

प्रधानमंत्री - उत्तर प्रदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश में वाराणसी के मेहदीगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वे तीन हजार आठ सौ 84 करोड़ रुपये से अधिक की 44 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें सड़क, बिजली, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र की कई विकास परियोजनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ दोनों उपमुख्यमंत्री करेंगे।

सहकारिता सम्मेलन

भोपाल के रवीन्द्र भवन में 13 अप्रैल को राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कल सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, कार्यक्रम की व्यवस्थाएं एवं जन सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मैट्रो निरीक्षण

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल के करोंद चौराहे पर मेट्रो निर्माण कार्य का कल निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे रूट का दौरा कर व्यापारियों सहित आम नागरिकों से बात की। निरीक्षण में मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित अधिकारियों को निश्चित समयावधि में गुणवत्तायुक्त कार्य करने के साथ ही रहवासियों की समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

विक्रमोत्सव दिल्ली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश शासन द्वारा 'विक्रमोत्सव 2025' के अंतर्गत देश और प्रदेश की सभी पीढ़ियों को सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र, विशेषकर उनके पराक्रम, शौर्य, दानशीलता, न्यायप्रियता और सुशासन से अवगत कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिल्ली में 12 से 14 अप्रैल तक लाल किला मैदान के माधव दास पार्क में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का भव्य मंचन किया जाएगा। इसके पहले आज चांदनी चौक से लाल किला तक सम्राट विक्रमादित्य की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित इस महानाट्य में प्रस्तुति उज्जैन की विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिला है। कल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हीट वेव का असर रहा तो सागर-शिवपुरी जिले में बारिश और ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार आज ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा हो सकती है। इस दौरान जबलपुर में ओले गिरने के भी आसार हैं।

इस बीच कल धार और रतलाम सबसे गर्म रहे। धार में 42.3 डिग्री और रतलाम में 42.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। भोपाल में 41.3 डिग्री, इंदौर में 40.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

आईपीएल

आईपीएल टी-ट्वेन्टी क्रिकेट में कल रात डेल्ही कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। डेल्ही कैपिटल्स के लिए के एल राहुल ने सर्वाधिक नाबाद 93 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 38 रन बनाए। के एल राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आईपीएल में आज चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से शाम साढे सात बजे से होगा। आज चैन्नई की टीम की कप्तानी महेन्द्र सिंह धोनी करेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल जिले में तापमान में लगातार वृद्धि को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के कक्षा 8वीं तक के सभी विद्यालयों में दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित किया है। निर्देश में कहा गया है कि कक्षा 8वीं तक की किसी भी शाला में दोपहर 12 बजे के बाद अध्यापन कार्य नहीं होगा।
- शिवपुरी जिले में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की दुर्गा सामुदायिक समिति खनियांधाना द्वारा ज्ञान दान अभियान का शुभारंभ कल किया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है।
- खण्डवा में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन परिवार विकास पखवाड़ा आज से 25 अप्रैल तक मनाया जायेगा। इसमें परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

- कटनी जिले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस के तहत ‘गांव-बस्ती चलो अभियान’ में ग्राम घघरीकला तथा स्लीमनाबाद में सक्रिय सदस्य सम्मेलन में भाग लिया।

-------